<u>अति–आवश्यक</u>

राजस्थान सरकार
निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, राज. जयपुर

क्रमांक :– राजहैल्थ / टी.सी. / 2026 / 142 दिनांक :– 17.03.2026

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
उदयपुर–प्रथम।

विषय :– राजहैल्थ पोर्टल पर अराजपत्रित संवर्ग के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की सूचना का सही मिलान के संबंध में।

सन्दर्भ :– निदेशालय के पत्रांक 987 दिनांक 23.12.2025, 53 दिनांक 22.01.2026, 88 दिनांक 10.02.2026 एवं 126 दिनांक 09.03.2026 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि आपके कार्यालय से अराजपत्रित संवर्ग के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों **(प्रपत्र 'अ')** की सूचना लेकर दिनांक 16.03.2026 को निदेशालय में उपस्थित हुए। सूचना का मिलान राजहैल्थ पोर्टल पर करने पर सही नहीं पाया गया। उक्त संबंध में बार–बार आपको संदर्भित पत्रों के माध्यम से अराजपत्रित संवर्ग के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति का सही रुप से पोर्टल पर अपडेट किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जो आदिनांक तक पूर्ण नहीं किया गया है। दिनांक 16.03.2026 को आपके कार्यालय से उपस्थित श्रीमति रेहना वरिष्ठ सहायक द्वारा टीम को अवगत कराया गया कि फील्ड के डीडीओ द्वारा सही एवं पूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

<u>अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीन समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को उनके संस्थानों के संस्थापन लिपिक एवं राजहैल्थ पोर्टल कार्मिक को दिनांक 18.03.2026 को निदेशालय में उपस्थित होकर आपके अधीनस्थ संस्थाओं के अराजपत्रित संवर्ग के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की वर्तमान स्थिति राजहैल्थ पोर्टल पर अपडेट करवाने हेतु पाबंद करावें। उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में होने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आप स्वयं व्यक्तिगत रुप से उत्तरदायी होंगे।</u>

निदेशक (अराजपत्रित)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं
राज0 जयपुर।

क्रमांक :– राजहैल्थ / टी.सी. / 2026 / 142 दिनांक :– 17.03.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग, राज0 जयपुर।
2. निदेशक (जन स्वा0) मुख्यालय।
3. संयुक्त निदेशक, जोन–उदयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref No.:
21098860

Signature valid
Digitally signed by Rakesh Kumar Sharma
Designation : Director
Date: 2026.03.17 16:56:58 IST
Reason: Approved